AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

**प्रेस नोट थाना कोतवाली जनपद आगरा।     दिनांक 26.07.2022**

# एसओजी, सीआईडब्ल्यू, स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली पुलिस टीम के संयुक्त ऑपरेशन द्वारा थाना क्षेत्र में हुयी डकैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्ता सहित कुल 05 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तगण के कब्जे से लूट के कुल रू0 4,00,000/– व 01 तमन्चा मय कारतूस बरामद.....

दिनांक 22.07.2022 को वादी आनन्दपुरी द्वारा थाना कोतवाली को सूचना दी गयी कि मैं गुजरात का मूल निवासी हूं तथा वर्तमान में वंशीधर अग्रवाल का मकान तिवारी गली रावतपाड़ा थाना कोतवाली जनपद आगरा में एम0एन0 कोरियर कायार्लय में कार्यरत हूँ। मेरे साथ 01–सनी, 02–सहदेव, 03–क्रिपाल व सिकन्दर भी काम करते हैं। आज दोपहर के समय मेरे कार्यालय पर मुंह पर काला मास्क लगाये हुए चार बदमाश आये और असलाह से फायर करते हुए हम पर तमंचा तान दिया और हम लोगों के मुंह सेलोटेप से बांध दिये। हमको मारने की धमकी देते हुए 10 लाख रू0 मेरे कार्यालय एवं ऊपर के कमरे से 30 लाख लेते हुए कुल 40 लाख रूपये लूट लिये। इस दौरान पैसे कोरियर करने के लिए आये एक अन्य ग्राहक से भी पैसे छीन लिये और शटर बन्द कर भाग गये। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 44/22 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त संवेदनशील घटना की सूचना पर तत्काल श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, आगरा, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा, श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद आगरा द्वारा मौका मुआयना किया गया एवं घटना के सफल अनावरण व संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सहित अन्य टीमों को गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस टीमों द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु सीसीटीवी, लोगों से पूछताछ, मुखबिर आदि सूचना के विभिन्न माध्यमों द्वारा तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम को सीसीटीवी के माध्यम से मोटरसाइकिल व गाड़ी के नम्बर प्राप्त हुआ और अभियुक्तगण की तलाश की गयी।

इसी क्रम में दिनांक 25.07.2022 को थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उपरोक्त लूट की घटना में संलिप्त अभियुक्तगण अपने परिवार के साथ फरार चल रहे अभि0गण पवन, सागर, देवा, छोटू अभी अभी घर पर आये है अगर आप लोग जल्दी करें तो पकडे जा सकते हैं।

उपरोक्त प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये घर पर पहुंची और अन्दर जाने का प्रयास करने पर 02–03 अभियुक्तगण द्वारा रास्ता रोक लिया गया, जिसका फायदा उठाकर अन्दर बैठा एक व्यक्ति पीछे की तरफ से भाग गया। महिला आरक्षियों एवं पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्ता सहित कुल 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल रू0 2,00,000/– बरामद हुए।

## पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम अनीता, प्रियंका व राजू कश्यप एवं भागने वाले अभियुक्त का नाम पवन बताया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि अभी कुछ समय पहले हमने अमित की शादी की थी, जिसमें हम पर बाहर के लोगों का काफी कर्जा हो गया था। पवन एवं उसके साथियों को भी अपने–अपने काम के लिए पैसों की जरुरत थी, तो हम सभी ने पवन के साथियों व उनके परिवारीजनों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। इस योजना में पवन ने अपने साथी सागर परमार, दीपक शर्मा उर्फ छोटू उर्फ वोडाफोन, देवा, हरिओम परमार, रानू शिशोदिया, सन्दीप राठौर के साथ मिलकर तिवारी वाली गली रावतपाडा में लूट की घटना को अन्जाम दिया, जिससे काफी धन प्राप्त हुआ था। जो रूपये आपको हम लोगों से बरामद हुए हैं, यह उसी लूट से लूटे गये रूपये हैं। हम लोगों के हिस्से में आया शेष धन पवन के पास है इसलिए हमने पवन को अभी अभी आप लोगों को रोककर भगा दिया था।

## अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का विवरण :–

इसी क्रम में पुलिस टीम गिरफ्तार अभियुक्तगण को साथ लेकर रामनगर से हाईवे की तरफ टैम्पो स्टैण्ड की तरफ पहुँचे, जहां मुखबिर द्वारा बताया गया कि उपरोक्त लूट से सम्बन्धित अभियुक्त के अपने घर पर आने की सूचना प्राप्त हुयी। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंची, जहां सामने से एक व्यक्ति प्लास्टिक के बोरे में कुछ सामान लाते हुऐ, आता हुआ दिखायी दिया। मुखबिर द्वारा बताया गया कि यह अभियुक्त सागर का भाई है। पुलिस टीम को देख वह भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से बोरे में 01 तमन्चा मय 01 कारतूस 315 बोर व रू0 1,00,000/– बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरा नाम बसन्त परमार है। बरामदगी के सम्बन्ध में बताया गया कि मैंने, मेरे पिता बच्चूसिंह व मेरे भाई सागर एवं उसके साथियों एवं परिवारीजनों ने मिलकर लूट की योजना बनायी थी। योजना के अनुसार सागर ने अपने साथी पवन उर्फ गुटकन्ना, दीपक शर्मा उर्फ छोटू उर्फ वोडाफोन, देवा, हरिओम परमार, रानू शिशोदिया, सन्दीप राठौर ने तिवारी वाली गली में लूट की घटना को अन्जाम दिया था। बरामद रूपये उसी लूट से सम्बन्धित हैं एवं शेष धन मेरे भाई सागर एवं मेरे पिता के पास है।

मुखबिर द्वारा लवानिया कालोनी के मोड के पास बताया गया कि मोड से थोडा अन्दर जाकर गली के नुक्कड पर कुछ दूरी पर स्थित घर दीपक शर्मा उर्फ छोटू उर्फ वोडाफोन का है। इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बताये स्थान पर पहुंचे एवं एक बारगी दबिश देते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से रू0 1,00,000/– बरामद हुए। अपना नाम नेत्रपाल बताते हुए बरामगदी के सम्बन्ध में बताया कि मैनें, मेरी पत्नी संगीता व मेरे बेटे दीपक शर्मा उर्फ छोटू उर्फ वोडाफोन ने पवन व सागर के साथियों व

साथियों के परिवारीजनो के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। अभी पुलिस सूचना मिलने पर मेरा बेटा दीपक व मेरी पत्नी संगीता घर से निकल गये हैं। हम लोगों के हिस्से में आया शेष धन मेरे पुत्र दीपक व मेरी पत्नी संगीता के पास है।

इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 394 को धारा 395 में तरमीम करते हुए धारा 120बी/412/212 भादवि की वृद्धि की गयीं एवं तमंचा बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 45/22 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## अभियुक्तगण का नाम :–

01. अनीता पत्नी गिरीश कश्यप उर्फ पपुआ नि0 बाईया वाली गली रामनगर खन्दौली आगरा।
02. प्रियंका पुत्री गिरीश कश्यप उर्फ पपुआ नि0 बाईया वाली गली रामनगर खन्दौली आगरा।
03. राजू कश्यप पुत्र गिरीश कश्यप उर्फ पपुआ नि0 बाईया वाली गली रामनगर खन्दौली आगरा।
04. बसंत परमार पुत्र बच्चू सिंह नि0 कृष्णा नगर कालौनी थाना खंदौली जनपद आगरा।
05. नेत्रपाल शर्मा पुत्र ताराचन्द्र शर्मा नि0 लवानिया कालौनी रामनगर थाना खन्दौली जनपद आगरा।

## बरामदगी का विवरण :–

01. कुल रू0 4,00,000/– लूट से सम्बन्धित।
02. 01 तमन्चा मय 01 कारतूस 315 बोर।

## आपराधिक इतिहास का विवरण :–

01. मु0अ0सं0 44/22 धारा 395/120बी/412/212 भादवि थाना कोतवाली जनपद आगरा।
02. मु0अ0सं0 45/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद आगरा।

## पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री सुभाषचन्द्र पाण्डेय थाना कोतवाली जनपद आगरा।
02. निरीक्षक श्री कुलदीप दीक्षित प्रभारी एसओजी मय टीम जनपद आगरा।
03. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार प्रभारी सीआईडब्ल्यू मय टीम जनपद आगरा।
04. उ0नि0 श्री सचिन धामा प्रभारी सर्विलांस मय टीम जनपद आगरा।
05. उ0नि0 श्री अजय कुमार स्वाट मय टीम जनपद आगरा।
06. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार थाना कोतवाली जनपद आगरा।
07. उ0नि0 श्री मोहित सिंह थाना कोतवाली जनपद आगरा।
08. उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह थाना कोतवाली जनपद आगरा।
09. म0का0 शानू त्रिपाठी, म0का0 भावना पाल थाना कोतवाली जनपद आगरा।
10. का0 दीपक राणा, का0 अतेन्द्र कुमार, का0 निर्दोष कुमार थाना कोतवाली जनपद आगरा।

**मीडिया सेल जनपद आगरा।**